सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-620
17/12/2017

मुख्यमंत्री ने बिहार ललित कला अकादमी के कला दीर्घा में लगी पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया

पटना, 17 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार ललित कला अकादमी के कला दीर्घा में लगी श्रीमती चित्रा सिंह की पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में चित्रा सिंह द्वारा बनाई गई विभिन्न मिथिला पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी में रामायण थीम पर आधारित भरत, सबरी, हनुमान की पेंटिंग के साथ–साथ गीता उपदेश, गण कृष्णा, यशोदा कन्हैया, जर्नलिज्म ऑफ ऑफिस, माउंटेन मैन दशरथ माँझी, भिखारी ठाकुर पर आधारित पेंटिंग्स, बेटी बेचवा, कोहवर, डोली कहार, छठ पूजा से संबंधित पेंटिंग्स लगायी गयी थी। प्रदर्शनी में भिखारी ठाकुर से जुड़ीं पेंटिंग्स में उनके द्वारा की गई नाईगिरी, लेखन कार्य, चरवाही और गायिकी को बखूबी दिखाया गया है, वहीं हनुमान पेंटिंग में लंका के अशोक वाटिका, जहाँ माता सीता की खोज करते हनुमान पहुँचे थे, उस क्षण को चित्रकार ने अपने पेंटिंग में प्रस्तुत किया है। श्रीमती चित्रा सिंह ने प्रदर्शनी में लगे अपने पेंटिंग्स को दिखाते हुए हर पेंटिंग के विषय में मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी दी। इस अवसर पर चित्रकार श्रीमती चित्रा सिंह ने मुख्यमंत्री को अपनी पेंटिंग भेंट की।

इस मौके पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, श्रीमती चित्रा सिंह के परिजन एवं अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******